Title: Need to review Crop Insurance Scheme to provide benefits to poor farmers - Laid.

श्री नामदेव हरबाजी दिवाथे (चिमूर) : महोदय, मैं सरकार का ध्यान देश में फसल बीमा योजना की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। इस योजना में लाभार्थियों को बीमे का हफ्ता भरना पड़ता है और बैंक भी किसान लोगों से हफ्ता क्रॉप लोन से जमा कराती है। लेकिन फसल का उत्पादन पर्याप्त न होने पर उन्हें बीमे की रकम देते समय पूरे जिले और तालुका की फसल को मद्देनज़र रखते हैं। अगर फसल 50 प्रतिशत से ज्यादा रहे तो किसानों को पिक बीमा योजना से वंचित रहना पड़ता है। इसलिए मैं आपके द्वारा सरकार से यह मांग करता हूँ कि फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिले और तालुका की पैदावार को ध्यान में न रखते हुए व्यक्ति विशो की पैदावार को ध्यान में रखा जाए जिससे गरीब व नुकसान उठाने वाले किसानों को इस योजना से लाभ मिल सके जिसके लिए यह योजना सरकार ने शुरू की है।

* Treated as laid on the Table of the House